भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2047
गुरुवार, 30 जुलाई, 2026/8 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

दाहोद में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजना

2047. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) आज की तारीख तक गुजरात के दाहोद जिले में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) निर्माण कार्य शुरू करने के लिए निर्धारित प्रत्याशित समय-सीमा क्या है और उक्त हवाई अड्डे के परिचालन की अनुमानित तारीख क्या है; और
(ग) ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति के अंतर्गत उक्त परियोजना के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत कुल व्यय कितना है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): भारत सरकार (जी.ओ.आई.) ने ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा (जीएफए) नीति, 2008 तैयार की है। इस नीति के अनुसार, यदि राज्य सरकार सहित कोई भी हवाईअड्डा विकासकर्ता हवाईअड्डा विकसित करना चाहता है, तो उन्हें उपयुक्त स्थल की पहचान करनी होगी और व्यवहार्यता-पूर्व अध्ययन कराना होगा तथा ''साइट क्लीयरेंस'' और तत्पश्चात 'सैद्धांतिक' मंजूरी के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।

भारत सरकार को दाहोद में ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डे के विकास के लिए जी.एफ़.ए नीति के तहत 'साइट क्लियरेंस' की मांग हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अलावा, हवाईअड्डा परियोजनाओं को पूरा करने की समय-सीमा भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय मंजूरी सहित अनिवार्य मंजूरी की उपलब्धता, वित्तीय समापन आदि जैसे कई कारकों पर निर्भर करती है।

(ग): जी.एफ़.ए. नीति, के अनुसार, हवाईअड्डा परियोजना के वित्तपोषण सहित इनके कार्यान्वयन की जिम्मेदारी, परियोजना प्रस्तावक की होती है।

******